दौड़ | सूर्या हाफ मैराथन-2025 की ओर एक ऊर्जावान कदम

एंटी-ओबेसिटी प्रोमो रन और पौधरोपण अभियान ने भरी नई ऊर्जा

प्रोमो रन में जोश के साथ दौड़ते धावक

भैरों ताल झील किनारे पौधरोपण करते अतिथिगण

नवभारत, जबलपुर। शनिवार सुबह जबलपुर की फिज़ा फिटनेस और देशभक्ति के रंगों से भर गई। मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में आयोजित एंटी-ओबेसिटी प्रोमो रन की शुरुआत सुबह 7 बजे कोबरा ग्राउंड, रिज रोड से हुई। लेफ्टिनेंट जनरल पी. एस. शेखावत, जनरल अफसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया, और श्रीमती राजलक्ष्मी शेखावत, अध्यक्षा, परिवार कल्याण संगठन, मध्य भारत एरिया ने हरी झंडी दिखाकर रन को रवाना किया।

3 और 5 किमी दौड़ ने बांधा समां

प्रोमो रन में 3 किमी की दौड़ में महिलाओं और स्कूली बच्चों ने जोश से भाग लिया, जबकि 5 किमी रन में सैन्य अधिकारी, जवान, अग्निवीर और एनसीसी कैडेट्स दौड़े। जो कोबरा ग्राउंड से होते हुए होशियार सिंह द्वार, समन्वय चौक, शौर्य स्थल, टैगोर गार्डन, सदर बाजार से वापसी कोबरा ग्राउंड में समाप्त हुई।

ताली बजाकर बढ़ाया प्रतिभागियों का हौसला

शहर की सड़कों पर दौड़ते युवाओं और बच्चों ने फिटनेस ही देशभक्ति है का संदेश दिया। रास्ते भर शहरवासी ताली बजाकर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते रहे।

भैरोंताल लेक पर पौधरोपण का संकल्प

दौड़ के बाद भैरों ताल झील किनारे पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। सभी प्रतिभागियों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया और हरित जबलपुर का संदेश दिया।

> **फिटनेस सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि सैनिक जीवन का संस्कार**
>
> जनरल शेखावत ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य मोटापे के प्रति जागरूकता फैलाना, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। फिटनेस सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि सैनिक जीवन का संस्कार है। उन्होंने आगे बताया कि सूर्या हाफ मैराथन शहर के प्रसिद्ध स्थलों से होकर गुजरेगी और यह जबलपुर की फिटनेस संस्कृति का प्रतीक बनेगी।

चुनौतियों से निपटने जरूरी है पशु चिकित्सा का सहयोग

आईसीएमआर-एनआईआरटीएच में एजुकेशन सत्र का आयोजन

नवभारत, जबलपुर। आईसीएमआर-नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च इन ट्राइबल हेल्थ जबलपुर के सभागार में वन हेल्थ - यूनाइटेड फॉर ह्यूमन, एनिमल एंड एनवायरनमेंटल वेल-बीइंग विषय पर कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश तिवारी के नेतृत्व में डॉ. प्रोफेसर शशि प्रभा तोमर, संस्थागत नोडल अधिकारी, सामुदायिक चिकित्सा विभाग के द्वारा पूरा कराया गया। जिसमें करीब 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें फैकल्टी सदस्य, पीजी छात्र, चिकित्सा अधिकारी, पैरामेडिकल एवं नर्सिंग स्टाफ शामिल रहे।

मुख्य वक्ता एवं आयोजन की प्रमुख डॉ. शशि प्रभा तोमर ने वन हेल्थ दृष्टिकोण की संकल्पना, इसके व्यावहारिक अनुप्रयोग और विभिन्न क्षेत्रों के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी और कहा कि भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए चिकित्सा, पशु चिकित्सा और पर्यावरणीय विज्ञान का सहयोग आवश्यक है।

प्रतिभागियों ने प्रकृति को दर्शाया

इस दौरान प्रतिभागियों ने वन हेल्थ विषय की अंतर्विषयक प्रकृति को दर्शाया और चर्चाओं को समृद्ध बनाया। सत्र की शुरुआत डॉ. निशांत सक्सेना, वैज्ञानिक-सी, आईसीएमआर एनआईआरटीएच, प्रो. डॉ. के. बी. साहा, निदेशक एवं वैज्ञानिक-जी, आईसीएमआर एनआईआरटीएच के उद्बोधन से हुई। अंत में डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह, वैज्ञानिक-एफ, आईसीएमआर एनआईआरटीएच ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जबलपुर चिकित्सा महाविद्यालय से डॉ. प्रशांत, डॉ आकांशा, डॉ प्रीति, डॉ कुलदीप डॉ सुनीता डॉ जीडी मेहरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

मुंबई से आए 30 कलाकारों ने दी पारंपरिक मराठी प्रस्तुतियां

मराठी साहित्य अकादमी एवं मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित द्वि-दिवसीय कार्यक्रम

जबलपुर। मराठी साहित्य अकादमी एवं मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल द्वारा आयोजित द्वि-दिवसीय कार्यक्रम के समापन अवसर पर कलारंजन मुंबई निर्मित और उदय साटम निर्देशित नाट्य-संगीत कार्यक्रम मराठी पाऊल पडते पुढे का 4601वां आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अशोक रोहाणी, मराठी साहित्य अकादमी के निदेशक संतोष गोडबोले, संतोष मुलमुले, पार्षद प्रतिभा भांपकर, सुरेश मुंजे, दीपक उबाळे एवं नीलिमा देशपांडे द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्घाटन में गर्जा जय जय महाराष्ट्र माझा गीत का गायन मनीषा भावे, छाया दवंडे, मनीषा वैद्य और मंजू देशमुख ने किया। मुंबई से आए 30 कलाकारों के समूह ने पोवाडा, लावणी, गोंधळ, दिंडी और कोळी नृत्य जैसी पारंपरिक मराठी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन संजय आपटे ने किया। कार्यक्रम में मराठी साहित्य अकादमी के दीपक गुप्ता, सदानंद गोडबोले, प्रदीप रानडे सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में वारी महामंडल, महाराष्ट्र समाज और सुरेश पागे का विशेष योगदान रहा।

चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ आज से

जबलपुर, नवभारत। केन्द्रीय अध्यात्म विज्ञान शाला ओंकारेश्वर में नवम् बुद्ध अवतार नारायण भगवान श्री मायानंद चैतन्य की जयंती के सुअवसर पर चार दिवसीय ब्रम्ह सत्र सम्मेलन का आयोजन 9 नवम्बर से 12 नवम्बर तक आयोजित किया गया है जिसमे पूरे देश से हजारो अध्यात्म विज्ञानी जन पहुंचने की उम्मीद है जबलपुर से भी भक्त जन आज रवाना हो रहे हैं भगवान की जयंती अगहन बदी 10 नवम्बर को सुबह 7 बजे सर्वांगयोग के पाठ से प्रारंभ होगा। सुबह 9 बजे जगद्गुरू स्वामी उमाशंकर चैतन्य जी का उपदेश होगा।

शहर में 100 एसी बसों के संचालन पर किया गया मंथन

बस स्टॉप के पास जमे अतिक्रमण को हटाने दिए निर्देश

नवभारत, जबलपुर। पी.एम. ई-बस योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाली 100 ए.सी. बसों के शहर में संचालन और बेहतर रखरखाव के क्रियान्वयन के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें महापौर एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा बसों के संचालन और पुराने बस स्टॉपों के अतिक्रमणों को हटाने आदि बिन्दुओं पर चर्चा की जाकर निर्णय लिया गया। इस अवसर पर महापौर ने बताया कि बहुत शीघ्र ही नगर निगम के सभी बस स्टॉप सर्वसुविधायुक्त होने के साथ-साथ पुराने बस स्टॉपों को अतिक्रमण मुक्त किया जायेगा।

महापौर एवं निगमायुक्त ने सभी विज्ञापन एजेंसी के संचालकों एवं प्रतिनिधियों को कड़े शब्दों में हिदायत देते हुए कहा कि जितने भी आपके द्वारा बस स्टॉप संचालित किये जा रहे हैं, उनकी स्थिति बहुत दयनीय है। आप सभी के द्वारा रूचि नहीं ली जा रही है जिसके कारण वहां पर कब्जे और अतिक्रमण हो रहे हैं। आप सभी प्रतिनिधि अपने-अपने आवंटित बस स्टॉपों एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों को साफ स्वच्छ एवं उपयोगी बनाएं अन्यथा आप सभी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। बैठक में जे.सी.टी.एस.एल. के सी.ई.ओ. सचिन विश्वकर्मा, सहायक शीतल उपाध्याय, एवं विज्ञापन एजेंसियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित हुए।

एक नजर में

सभी धर्मों के बीच सहयोग और शांति को दिया बढ़ावा

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर सर्वधर्म मैत्री मंच ने संत अलॉयसियस महाविद्यालय में गुरु पर्व का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भक्ति गीत और धर्मग्रंथों के पाठ से हुई। मुख्य अतिथि प्रोफेसर सरदूल सिंह संधू ने गुरु नानक देव जी के सिद्धांतों ईमानदारी, करुणा और सांप्रदायिक सद्भाव पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोज़ ने वेटिकन सिटी का शांति संदेश प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य सभी धर्मों के बीच सहयोग और शांति को बढ़ावा देना है। समारोह का आयोजन जेआईआरएफ के सदस्यों और शैक्षणिक समुदाय के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम का संचालन जसकर्ण चोपड़ा और गुरलीन कौर बंसल ने किया, धन्यवाद ज्ञापन सरदार गुरमीत सिंह ने किया। समापन गुरु नानक जयंती की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

श्री गुरु नानक मिलन समारोह का आयोजन

नवभारत, जबलपुर। सिख एजुकेशन सोसाइटी एवं हरी सिंह रूपराह कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 6 और 8 नवंबर 2025 को 20वें श्री गुरु नानक मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंतर्विद्यालीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और शहर के सभी गुरुद्वारों के अध्यक्ष, सचिव तथा सिख शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठतम सदस्य सरदार इंदर पाल सिंह रूपराह ने की, जबकि पुरस्कार वितरण अमृत कौर रूपराह के द्वारा संपन्न हुआ। मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बाणी में श्री कृष्ण जी का वर्णन करते हुए लिखा गया निबंध रहा। कार्यक्रम की संयोजिका आशा मिश्रा और धन्यवाद प्रस्ताव सीमा परांजपे ने प्रस्तुत किया।

विश्व हिंदू परिषद की विशेष सम्पर्क विभाग की बैठक

नवभारत, जबलपुर। महाकोशल प्रान्त विशेष सम्पर्क विभाग, विश्व हिंदू परिषद की प्रांत कार्यकारिणी की बैठक हाल ही में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में सामाजिक संपर्क, स्वाभिमान, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य एवं परिवार प्रबोधन जैसे विषयों पर गहन मंथन किया गया। कार्यशाला में विशेष सम्पर्क विभाग के क्षेत्रीय प्रमुख श्री जुगराज धर और उमेश मिश्रा ने विभाग की भूमिका व आगामी कार्यशैली पर विचार साझा किए। प्रान्त के विभिन्न पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में प्रान्त अध्यक्ष सुनील भागचंदनी, दिनेश सिंह, प्रो. उज्ज्वल सिंह, चन्द्रकान्त मिश्रा, मनीष भार्गव, सुरजीत सिंह, डॉ. शिवव्रत महंती, श्याम त्रिपाठी, एड. प्रकाश भौमिक, नवीन सिंह, सुभाष पाण्डेय, अमित बबेले, रोहित चौकसे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कला निकेतन में मिलेनियम बैच का पुनर्मिलन समारोह

नवभारत, जबलपुर। कला निकेतन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जबलपुर में 1997-2000 के मिलेनियम बैच के छात्रों का पुनर्मिलन समारोह महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। इस अवसर पर देशभर से 110 से अधिक भूतपूर्व छात्र छात्राएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आर.सी. पाण्डेय, भूतपूर्व प्राचार्य पी.एस. दनायक और विभागाध्यक्षों को सम्मानित किया गया। छात्रों ने महाविद्यालय के लिए जम्बो वाटर कूलर और प्यूरीफायर भेंट किए। भूतपूर्व छात्रों ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का भ्रमण कर आधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया और नए छात्रों के हित में संसाधन जुटाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में संजय शर्मा, अशोक यादव, शैलेश कपूर, शैलजा गुप्ता, धीरज खरे और मनीष श्रीवास ने विशेष सहयोग किया। संचालन प्रीति चौहान और ललित गायकवाड़ ने किया। अंत में प्राचार्य ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट

और बेहतर व्यवस्थाएं करने दिए निर्देश

रसोई केंद्रों-रैन बसेरा का निगमायुक्त ने किया निरीक्षण

नवभारत, जबलपुर। नगर निगम द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत रसोई केन्द्रो और रैन बसेरों का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण अचानक निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा किया गया और व्यवस्थाओं की जानकारी स्थल पर पहुंचकर ली गयी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने निरीक्षण के दौरान देखा कि दीनदयाल अंत्योदय रसोई केन्द्र राजा गोकुलदास धर्मशाला में संचालित है, जहां पर मात्र 10 रूपये में हर जरूरतमंद लोगों को भरपेट स्वादिष्ट भोजन थाली में परोसे जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने रसोई केन्द्र की पाकशाला, बैठकर खाने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई की स्थिति स्वयं देखी।

निगमायुक्त द्वारा रसोई केन्द्र के निरीक्षण के बाद वहीं बगल में संचालित महिला पुरूष के लिए अलग अलग बने रैनबसेरों का भी निरीक्षण किया गया। जहां पाया कि शीतऋतु में गरीबों, निराश्रितों एवं अन्य जरूरतमंदों को ठहरने के लिए उत्तम व्यवस्था है। इस मौके पर निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजागोकुलदास धर्मशाला में संचालित दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना एवं रैन बसेरों में और उत्तम व्यवस्थाएं की जाएं।

भोपाल में आज से प्रारंभ होगा अधिवेशन

जबलपुर, नवभारत। वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) का 23वां वार्षिक अधिवेशन आज यानी रविवार से भोपाल में प्रारंभ होगा। इस अधिवेशन में तीनों रेल मंडलों जबलपुर, कोटा व भोपाल के सैकड़ों कर्मचारी भाग लेने भोपाल रवाना हो गए हैं। डबलूसीआरईयू के महामंत्री व एआईआरएफ के सहायक महामंत्री कामरेड मुकेश गालव ने कहा कि रविवार को डबलूसीआरईयू का एजीएम भोपाल में आयोजित है, जिसमें एआईआरएफ के महामंत्री कॉम शिव गोपाल मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी उन्होंने साथियों के साथ अधिक से अधिक संख्या में अधिवेशन में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाए।

यूनियन के अधिवेशन में मजदूर संघ के नेताओं की वादाखिलाफी को पमरे के एक-एक कर्मचारी के बीच ले जाकर उनके नेताओं के चेहरे बेनकाब करने की रणनीति तैयार होगी। वहीं कर्मचारियों के बीच जाकर डबलूसीआरईयू के इतिहास को बताया जायेगा, जिसमें यूनियन ने जो भी वायदा कर्मचारियों के लिये किया है, उसे हमेशा पूरा किया है।

इंडियन बैंक बघराजी में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान

नवभारत, जबलपुर। इंडियन बैंक द्वारा ग्राम बघराजी, तहसील कुंडम में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय के निदेशक एवं ग्राम बघराजी के मूल निवासी जितेंद्र असाटी (आईईएस) तथा सीहोरा विधायक संतोष वरकड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। असाटी ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जन धन योजना, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, अटल पेंशन योजना एवं डीईएएफ खातों जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और वित्तीय समावेशन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर बल दिया। विधायक वरकड़े ने बैंकों से ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं बढ़ाने का आग्रह किया और सरकार की योजनाओं में जनभागीदारी की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों के स्टॉल लगाकर लोगों को री केवायसी, खातों की जानकारी और योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इंडियन बैंक की शाखा और बैंकिंग करस्पॉन्डेंट्स ने ग्रामीणों को स्थल पर ही सेवाएं उपलब्ध कराईं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी अधिकारियों को बधाई दी गई। सरपंच अर्चना बागरी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण वित्तीय साक्षरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगे।

इस अवसर पर इंडियन बैंक के अंचल प्रबंधक विकास कुमार जायसवाल, एसएलबीसी कन्वीनर प्रमोद मिश्रा, डीजीएम सेंट्रल बैंक, एसबीआई रीजनल हेड, बीओआई एजीएम, एलडीएम दिवाकर, सरपंच अर्चना बागरी सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बैठक | व्हीएफजे में रक्षा निर्माण सम्मेलन का दूसरा दिन

वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम में साझा हुई उत्पादन नीतियां

नवभारत, जबलपुर। व्हीएफजे में आयोजित भारतीय रक्षा निर्माण सम्मेलन 2025 के दूसरे दिन विक्रेता विकास कार्यक्रम और द्विपक्षीय व्यापारिक बैठकें (बी-टू-बी) संपन्न हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ व्हीएफजे के महाप्रबंधक बी. राजेश कन्ना ने किया।

इस अवसर पर एवीएनएल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, भारत डायनामिक्स लिमिटेड, टाटा एडवांस सिस्टम्स, ए.डब्ल्यू.ई.आई.एल., अशोक लेलैंड, मिश्रा धातु निगम, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स तथा इंडियन ऑयल के प्रतिनिधियों ने अपने उत्पादन, आपूर्ति श्रृंखला एवं क्रय नीति पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई), नवाचार इकाइयों (स्टार्टअप) और स्थानीय विक्रेताओं ने आपसी संवाद के माध्यम से सहयोग की संभावनाएं तलाशीं। दोपहर सत्र में डीपीएसयू, मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) और अन्य उद्योग इकाइयों के बीच बी-टू-बी बैठकें हुईं, जिनमें कई द्विपक्षीय समझौते तय हुए और भविष्य की उत्पादन योजनाओं पर चर्चा हुई। निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण कुमार ने भी विभिन्न उद्योग प्रतिनिधियों से मुलाकात कर रक्षा उत्पादन में सहयोग बढ़ाने की रूपरेखा प्रस्तुत की।

नए रक्षा उत्पादों के निर्माण में स्थानीय उद्योगों की होगी भूमिका

सभी सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और ओईएम ने कहा कि नए रक्षा उत्पादों के निर्माण में एमएसएमई और स्थानीय उद्योगों की अहम भूमिका होगी और वे मिलकर अत्याधुनिक उपकरण बनाने को तैयार हैं। इस अवसर पर व्हीएफजे के वरिष्ठ अधिकारी, सीआईआई के प्रवीण धीमन सहित बड़ी संख्या में अतिथि उपस्थित रहे। साथ ही, रक्षा उत्पादों की प्रदर्शनी में लोगों ने आधुनिक उपकरणों का अवलोकन किया।

गर्भस्थ शिशु पर नवीन शोध व तकनीक पर चर्चा आज

नवभारत, जबलपुर। गर्भस्थ शिशु (फीटस) के स्वास्थ्य एवं विकास पर केंद्रित वार्षिक कॉन्फ्रेंस फीटसकॉन 2025 का आयोजन 9 नवम्बर को होटल नर्मदा जैक्सन में किया जा रहा है। यह आयोजन जबलपुर स्त्री एवं प्रसूति रोग संघ एवं डॉ. दिपंकर बेनर्जी के सहयोग से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि डॉ. बेनर्जी द्वारा वर्ष 2010 में आरंभ की गई पहल के अंतर्गत 31 अक्टूबर को विश्व गर्भस्थ शिशु दिवस के रूप में स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य स्वस्थ शिशु और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण है। कार्यक्रम में देशभर के फीटल मेडिसिन विशेषज्ञ पोंडीचेरी के डॉ. मणिकंडन कृष्णन, इंदौर की डॉ. श्वेता भंडारी, भोपाल की डॉ. अवंतिका गुप्ता, तथा स्थानीय विशेषज्ञ डॉ. गीता गुईन और डॉ. देवाशीष मिश्रा अपने अनुभव साझा करेंगे। यह सम्मेलन गर्भस्थ शिशु से जुड़ी नवीनतम तकनीक, शोध और चिकित्सा अनुभवों पर केंद्रित रहेगा।